## भूगोल विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों का सर्वेक्षण

महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा आयोजित छह दिवसीय शिविर का समापन ग्राम पंचायत शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी जीवन में शार्टकट रास्ता नही अपना कर ईमानदारी पूर्वक अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु कठिन परिश्रम करना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कन्हैयालाल मीना ने बताया कि एम. ए. पूर्वार्द्ध के विद्यार्थियों द्वारा काली पहाड़ी ग्राम के प्रत्येक घर का आर्थिक, सामाजिक सर्वेक्षण किया गया तथा एम. ए. उत्तरार्द्ध के विद्यार्थियों द्वारा प्लेन टेबल एवं डम्पी लेवल उपकरणों के माध्यम से सेटलमेंट सर्वेक्षण का कार्य सम्पन्न किया गया। भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. जगफूल मीना ने संबोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थियों द्वारा ग्राम स्तर के सर्वेक्षण में जमीनी स्तर की समस्याओं का पता लगाकर समाधान किया जा सकता है, इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता श्री बद्री प्रसाद मीना ने बताया कि किताबी ज्ञान से व्यक्ति विद्वान नहीं बन सकता, बल्कि उसको विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने के दौरान जो अनुभव प्राप्त होता है, उससे श्रेष्ठ बनता है। काली पहाड़ी स्कूल के प्रधानाचार्य श्री दीनदयाल यादव ने बताया कि सफलता का मूल मंत्र अभ्यास में निरंतरता है अत: सभी छात्र-छात्राओं को विपरीत परिणाम आने पर भी अध्यापन की निष्पक्षता बनाए रखना अति आवश्यक है।





## विश्वविद्यालय परीक्षा 2022 संपन्न

राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ जिला- अलवर केन्द्र पर राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा 2022 शांतिपूर्ण तरीके से निर्धारित समय सारणी के अनुसार संपन्न हुई। तीनों पारियों में सम्पन्न हुई स्नातक स्तर की विविध परीक्षा दिनांक 30 मई 2022 से प्रारंभ होकर 1-7-2022 को विश्वविद्यालय परीक्षा की गाइडलाइन के अनुसार हुई जिसमें स्नातक स्तर पर कुल 6182 नियमित तथा 4703 स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

इस केन्द्र पर स्नातकोत्तर कक्षाओं के लगभग 10825 परीक्षार्थियों ने दिनांक 13-7-2022 से 2-8-2022 तक परीक्षा में भाग लिया।

## महिला छात्रावास का संचालन

महाविद्यालय में छात्राओं के लिए सुविधा सम्पन्न एक छात्रावास उपलब्ध है जिसमें महाविद्यालय की दूर-दराज की 42 छात्राओं को भोजन सहित आवास की सुविधा उपलब्ध है। इन छात्राओं के लिए प्रात: एवं सायं. खेलकूद तथा पुस्तकालय में स्वाध्याय की अतिरिक्त व्यवस्था भी उपलब्ध है।

## नवीन रुसा भवन का उद्घाटन




महाविद्यालय परिसर के रिक्त भू-भाग पर राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान ( रूसा ) के अन्तर्गत 1 करोड़ रुपयें की लागत से 6 बड़े कक्षा कक्षों, छात्र-छात्राओं के अलग-अलग शौचालय तथा लॉबी एवं बरामदा सहित चौक का निर्माण किया गया है जिसका लोकार्पण समारोह माननीय मुख्यमंत्री श्रीमान् अशोक गहलोत जी द्वारा ऑनलाइन किया गया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमान् राजेन्द्र सिंह यादव, अलवर सांसद श्रीमान् महन्त श्री बालक नाथ जी योगी एवं स्थानीय विधायक श्रीमान् जौहरीलाल जी मीणा की उपस्थिति रही।

## इतिहास विषय की वर्तमान समय में महत्ता पर संगोष्ठी

महाविद्यालय में इतिहास परिषद् के तत्वावधान मे इतिहास विषय की वर्तमान समय में महत्ता पर संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ. सज्जन सिंह राव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व प्राचार्य डॉ. आर.सी. खंडूरी ने बताया कि इतिहास हमें विभिन्न देशों और सभ्यताओं के लोगों की संस्कृति के बारे में सिखाता है। यह हमें सभी समाजों और संस्कृतियों को समझने और उनका सम्मान करने में मदद करता है। डॉ. सज्जन सिंह राव ने बताया कि इतिहास मनुष्य का सच्चा शिक्षक है जो समाज को भविष्य का उचित पथ बतलाता है। इस अवसर पर डॉ. खंडूरी ने इतिहास विभाग को 150 पुस्तकें भेंट की। कार्यक्रम में इतिहास विभाग के सदस्य डॉ. रजनी मीना की पुस्तक इंपीरियल सर्विस ट्रुप्स स्वरुप संगठन एवं कार्य का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष जगत सिंह मीना, संकाय सदस्य व छात्र उपस्थित रहे।





## छात्रसंघ चुनाव 2022 शांतिपूर्ण सम्पन्न

राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ जिला- अलवर में सत्र 2022-23 के छात्रसंघ चुनाव दिनांक 26-8-2022 को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुए। जिसमें निम्नानुसार पदाधिकारी निर्वाचित हुए:-अध्यक्ष- श्री रामकेश मीना, उपाध्यक्ष- श्री कपिल मीना, महासचिव- श्री राहुल शर्मा तथा संयुक्त सचिव- श्री बिजेन्द्र सैनी

## राजनीति विज्ञान परिषद् की गतिविधियॉं

महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान परिषद् के तत्वावधान में विद्यार्थियों के शिक्षणेतर विकास हेतु विभाग द्वारा 8 अगस्त 2022 को "21 वीं सदी में गॉंधी जी की प्रासंगिकता" विषय पर एक निंबध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनांक 16 अगस्त 2022 को संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और अकादमिक अभिरुचि बढ़ाना था।


19 सितम्बर 2022 को राजनीति विज्ञान विषय के महत्व पर एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मानवा अधिकारों एवं कर्तव्यों का ज्ञान, राष्ट्रीय एवं संवैधानिक इतिहास का ज्ञान, राज्य व सरकार, उत्तम प्रशासन आदि विषयों के साथ विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एव अन्तरराष्ट्रीय चेतना संबंधित बिन्दुओं पर विचार किया गया।





## आई. क्यू. ए. सी. द्वारा एफ. डी. पी. प्रशिक्षण

महाविद्यालय के आई. क्यू. ए. सी. प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर संकाय सदस्यों के लिए *"ICT Tools in E-Content Development"* विषय पर 26 से 30 सितम्बर 2022 तक एक साप्ताहिक ऑनलाईन एफ.डी.पी. प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 61 संभागीय पंजीकृत हुए तथा देश भर के 6 आमंत्रित विद्वान वक्ताओं ने विचार प्रकट किये।











# राजकीय महाविद्यालय राजगढ़

(नैक द्वारा B ग्रेड प्रत्यायित)

## अर्द्ध वार्षिक दृष्टि-पत्र

(अप्रेल 2022 से सितम्बर 2022 तक)

वर्ष- 1 अंक- 1

**प्राचार्य:** डॉ. सज्जन सिंह राव

**संपादक:** डॉ. शिवशरण कौशिक

**सह संपादक:** डॉ. देशराज वर्मा

श्री रामकेश मीना
छात्रसंघ अध्यक्ष

# समय संचेतना

## प्राचार्य की कलम से........

राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ ( अलवर ) जिले का 9.6 एकड़ मे बने परिसर का बहुत पुराना तथा शैक्षणिक एवं शिक्षणेतर दृष्टि से समृद्ध महाविद्यालय है जिसकी स्थापना सन् 1967 में हुई थी। इसमें कला, विज्ञान तथा वाणिज्य संकायों के विभिन्न विषयों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर की कक्षाओं में गुणवत्तापूर्ण तथा सुचारू अध्यापन कार्य किया जा रहा है। शिक्षण कार्य के साथ साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी., महिला प्रकोष्ठ, योजना आयोग जैसे प्रकोष्ठों के माध्यम से महाविद्यालय के समर्पित शिक्षक, विद्यार्थियों के योग्यता अभिवर्द्धन तथा सर्वांगीण विकास हेतु सदैव तत्पर रहते है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों-शिक्षकों के सामूहिक प्रयत्न से किये गये सभी प्रकार के कार्यो का समेकित सूचनाओं के साथ समय संचेतना का अर्द्ध वार्षिक दृष्टि-पत्र ( अप्रेल 2022 से सितम्बर 2022 तक ) प्रकाशन पश्चात् आपके सम्मुख प्रस्तुत है।

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ !

डॉ. सज्जन सिंह राव

# राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ ( अलवर )

## अर्द्धवार्षिक समय संचेतना-दृष्टि पत्र

## संपादक मण्डल की ओर से........

राजस्थान के अलवर जिले की अरावली पर्वत शृंखलाओं के मध्य स्थित तथा बृहत् राजस्थान बनने से पूर्व अलवर राज्य की राजधानी रहे राजगढ़ नगर का ऐतिहासिक महत्त्व है। पर्वतीय भौगोलिक पृष्ठभूमि से परिवेष्टित राजगढ़ में सन् 1967 में राजकीय महाविद्यालय का स्नातक स्तर के शिक्षण कार्य के साथ शुभारंभ हुआ।

वर्तमान में राजनीति विज्ञान, इतिहास, रसायन शास्त्र, हिन्दी तथा भूगोल विषय में स्नातकोत्तर कक्षाओं के साथ अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, संस्कृत साहित्य, अंग्रेजी साहित्य तथा सत्र 2022-23 से गृह विज्ञान में स्नातक स्तर की कक्षाओं में नियमित अध्ययन कार्य संचालित हो रहा है। महाविद्यालय में विभिन्न विषयों की पाठ्यपुस्तकों, संदर्भ पुस्तकों एवं भाषा कोश और विश्वकोश से संबंधित लाखों पुस्तकों से समृद्ध पुस्तकालय है जिसका हाल ही में पूर्ण डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है। सत्र 2022-23 में महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों की कुल संख्या 5033 है जिसका कक्षावार विवरण निम्नानुसार है-

### स्नातक

| कक्षा | बी. ए. स्नातक | | बी.एस.सी. स्नातक | | बी.कॉम. स्नातक | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ |
| प्रथम वर्ष | 590 | 910 | 103 | 148 | 8 | 2 |
| द्वितीय वर्ष | 510 | 771 | 103 | 75 | 12 | 4 |
| तृतीय वर्ष | 567 | 842 | 128 | 86 | 15 | - |
| कुल योग | 1667 | 2523 | 334 | 309 | 35 | 06 |

### स्नातकोत्तर

| कक्षा | भूगोल | | इतिहास | | हिन्दी | | राजनीति विज्ञान | | रसायन विज्ञान | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ |
| स्नातकोत्तर पूवार्द्ध | | | | | | | | | | |
| स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध | 13 | 38 | 7 | 49 | 8 | 47 | 15 | 40 | 8 | 12 |

इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के स्थानीय अध्ययन केन्द्र में जुलाई 2002 को प्रवेशित विद्यार्थियों की स्थिति निम्नानुसार है:-

**डिग्री कोर्स** – बी.ए. - 53  बी.एस.सी. - 10  एम.ए.एच. - 5
एम.इ.सी.ओ - 4  एम.एच.डी. - 5  एम.पी.एस. - 4

**प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम** – सी.एल.आई.एस. - 25  सी.पी.एल.टी. - 5
पी.जी.डी.टी. - 5  सी.एच.आर. - 2

### वर्द्धमान महावीर मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केन्द्र

महाविद्यालय में वर्द्धमान महावीर मुक्त विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र स्थापित है जिसमें कला, विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा, प्रबन्धन, एम.फिल. इत्यादि पाठ्यक्रमों का संचालन विगत कई वर्षों से हो रहा है।

## सम्मान समारोहः-

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले पूर्व छात्र का सम्मान

जुलाई 2022, राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में तत्कालीन प्राचार्य प्रो. के. एम. मीना की अध्यक्षता में हुए सम्मान समारोह में पूर्व छात्र खिलाड़ी श्री रतीराम सैनी का सम्मान पत्र देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। महाविद्यालय के छात्र रहे रतीराम सैनी ने बर्लिन, जर्मनी में अयोजित अंतरराष्ट्रीय रेलवे क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2022 में गोल्ड मेडल जीतकर देश-प्रदेश एवं महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। रतीराम सैनी वर्तमान में लखनऊ रेलवे मंडल में वरिष्ठ तकनीकी अभियंता के पद पर कार्यरत हैं।



### महाविद्यालय में स्काउट गाइड सोपान एवं निपुण (रोवर्स) जॉच शिविर सम्पन्न

राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ जिला- अलवर में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ राजगढ़ के द्वारा प्रायोजित द्वितीय, तृतीय सोपान स्काउट व गाइड निपुण रोवर जॉच शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी अधिकारी डॉ. गजेन्द्र कुमार महावर ने बताया कि राजगढ़ एवं रैणी ब्लॉकों के 8 प्रभारी कर्मी को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजगढ़ तथा रैणी द्वारा सहयोग हेतु प्रतिनियुक्त किया गया शिविर का संचालन श्री रामप्रताप शर्मा के दिशा निर्देशन में हुआ। इस शिविर में महाविद्यालय के 35 स्काउट गाइड एवं रोवर्स ने भाग लिया।



### एन एस एस सेमीनार का आयोजन

महाविद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर एन.एस.एस. की चारों इकाइयों द्वारा प्राचार्य डॉ. सज्जन सिंह राव की अध्यक्षता में सद्भावना दिवस मनाया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सज्जन सिंह राव ने समस्त मंत्रालय कर्मचारी, अधिकारी एवं स्वयंसेवकों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में एन एस एस प्रभारी टीकम चंद मीना, राहुल जोनवाल, राकेश कुमार मीना, डॉ. अंशु महलावत, स्काउट रोवर अधिकारी गजेन्द्र महावर एवं महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य एवं एन एस एस के स्वयंसेवक सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।




### महाविद्यालय का हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट के साथ एमओयू

दिनांक 12-9-2022 को राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ जिला- अलवर तथा हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट के मध्य छात्रों को योगाभ्यास गतिविधियों को सम्पन्न करने हेतु महाविद्यालय प्राचार्य डा. सज्जन सिंह राव तथा हार्टफुलनेस ट्रस्ट के स्थानीय प्रतिनिधि एवं संयोजक श्री हीरालाल, श्री जगदीश प्रसाद तथा श्री रामकरण सैनी के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इसमें महाविद्यालय के छात्रों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने योग एवं ध्यान के अभ्यास के द्वारा छात्रों में एकाग्रता तथा तनाव प्रबंधन के कौशल विकास का अभ्यास कराया।

इस अवसर पर डॉ. देशराज वर्मा, डॉ. अशोक काकोडिया, डॉ. रामनरेश मीना, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. शिवशरण कौशिक, डॉ. पी. सी. मीना, प्रोफेसर पी. एम. मीना, डॉ. जगजीत सिंह कविया, डॉ. गजेन्द्र कुमार महावर आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे।



### हिन्दी भाषा-कौशल प्रशिक्षण

महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा 20 अप्रैल से 30 अप्रैल 2022 तक समस्त कक्षाओं के नियमित विद्यार्थियों के लिए सामान्य हिन्दी ज्ञान तथा भाषा कौशल में अभिवृद्धि हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया जिसमें हिन्दी विभाग के डॉ. शिवशरण कौशिक तथा डॉ. देशराज वर्मा ने नियमित सामान्य हिन्दी की अतिरिक्त कक्षाओं में विभिन्न नवाचारों के माध्यम से हिन्दी भाषा कौशल प्रशिक्षण सम्पन्न कराया।

